Daily Current Affairs 03 June 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. 2 जून को मनाया गया तेलंगाना का स्थापना दिवस
• तेलंगाना के गठन की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 02 जून को तेलंगाना का स्थापना दिवस मनाया जाता है। तेलंगाना राज्य का गठन 2 जून, 2014 को किया गया था। 04 मार्च, 2014 को भारत सरकार ने 2 जून, 2014 को तेलंगाना गठन दिवस के रूप में घोषित किया।
• तेलंगाना भारतीय संघ के अंतर्गत गठित होने वाला 29वाँ राज्य है। इसके गठन के दौरान यह निर्णय लिया गया कि आंध्र प्रदेश और तेलंगाना दोनों राज्य हैदराबाद को 10 वर्षों के लिये अपनी राजधानी के रूप में साझा करेंगे।

2. उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध फूलों की घाटी पर्यटकों के लिए खुली
• 01 जून, 2022 को विश्व प्रसिद्ध धरोहर स्थल एवं राष्ट्रीय उद्यान उत्तराखंड की फूलों की घाटी को पर्यटकों के लिये खोल दिया गया है। इस संबंध में नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।
• घाटी के प्रवेश द्वार घांघरिया में भी गतिविधियाँ तेज़ हो गई हैं। समुद्र सतह से 3962 मीटर की ऊंचाई पर स्थित फूलों की घाटी 87 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में विस्तृत है।

3. वित्तीय वर्ष 2021-22 में भारत का वस्त्र निर्यात अब तक का सबसे अधिक किया गया दर्ज
• भारत ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में हस्तशिल्प सहित कपड़ा व परिधान (टीएंडए) में 44.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर निर्यात किया है। यह आंकड़ा का अब तक का सबसे अधिक है।
• इसमें वित्तीय वर्ष 2020-21 और वित्तीय वर्ष 2019-20 में संबंधित आंकड़ों की तुलना में क्रमशः 41 फीसदी और 26 फीसदी की पर्याप्त बढ़ोतरी का संकेत है।

4. टाइम्स हायर एजुकेशन ने जारी की एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2022
• 01 जून, 2022 को टाइम्स हायर एजुकेशन (THE) ने एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2022 लिस्ट जारी कर दी है। इस लेटेस्ट एडिशन में 31 देशों के 616 यूनिर्वसिटी के नाम शामिल हैं। इन यूनिवर्सिटीज में भारत के 71 विश्वविद्यालय का भी नाम शामिल है।
• टाइम्स हायर एजुकेशन एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2022 में भारत तीसरा प्रतिनिधित्व वाला देश है। पिछले साल केवल 62 भारतीय यूनिवर्सिटी ने इस लिस्ट में जगह बनाई थी।

5. अमेरिका का 'फ्रंटियर' बना दुनिया का सबसे तेज सुपर कंप्यूटर
• हाल ही में 59वें इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ कम्प्युटर एक्सपर्ट में दुनिया के टॉप-500 सुपरकम्प्युटर्स की लिस्ट जारी की गई, जिसमें अमेरिकी सुपरकम्प्युटर 'फ्रंटियर' (Frontier) को दुनिया का सबसे तेज सुपरकम्प्युटर चुना गया है।
• रिसर्च एक्सपर्ट्स ने सभी सुपरकम्प्युटर की प्रोसेसिंग स्पीड को एक्सास्केल (Exascale) के आधार पर मापी है, जो एक सेकेंड में किए गए क्विनटिलियन कैल्कुलेशन पर आधारित है।

Daily Current Affairs 03 June 2022

6. जुल्फिकार हसन बने नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो के नए महानिदेशक
• हाल ही में वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी जुल्फिकार हसन को 'नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो' (BCAS) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। जुल्फिकार हसन 1988 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (IPS) में पश्चिम बंगाल कैडर के अधिकारी हैं।
• जुल्फिकार हसन को 31 अक्तूम्बर, 2024 को उनकी सेवानिवृत्ति तक के कार्यकाल के लिए नियुक्त किया गया है। जुल्फिकार हसन दिल्ली में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) के विशेष महानिदेशक के रूप में कार्यरत हैं।

7. वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान डैरेन सैमी को मिला सितारा-ए-पाकिस्तान पुरस्कार
• वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान डैरेन सैमी को पाकिस्तान के के तीसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार सितारा-ए-पाकिस्तान से सम्मानित किया गया है। 38 वर्षीय ऑलराउंडर को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को पाकिस्तान में वापस लाने में उनकी भूमिका के लिए पहचाना जा रहा था। यह पाकिस्तान द्वारा दिया जाने वाला तीसरा सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है।

8. स्वीडन में 'स्टॉकहोम 50' का किया जा रहा आयोजन
• 02-03 जून, 2022 को स्वीडन के स्टॉकहोम में 'स्टॉकहोम 50' (Stockholm 50) का आयोजन किया जा रहा है। यह मानव पर्यावरण पर वर्ष 1972 के संयुक्त राष्ट्र (UN) सम्मेलन (स्टॉकहोम सम्मेलन के रूप में भी जाना जाता है) के 50वीं वर्षगाँठ का उत्सव है।
• संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा इस अंतर्राष्ट्रीय बैठक का आयोजन किया जा रहा है। यह ऐसे समय में आयोजित किया जा रहा है.

9. यूक्रेन को हाईटेक रॉकेट प्रणालियां भेजेगा अमेरिका
• हाल ही में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने घोषणा की है कि वह यूक्रेन को उच्च तकनीक वाली मध्यम दूरी की रॉकेट लॉन्च प्रणालियां (High Mobility Artillery Rocket Systems) भेजेगा। इसे HIMARS के नाम से भी जाना जाता है।
• यूक्रेन के डोनबास क्षेत्र में रूस की बढ़ती पकड़ को रोकने के लिए संघर्ष कर रहे देश के नेता लगातार इसकी मांग कर रहे हैं। HIMARS ऐसे हथियारों से लैस होगा जो यूक्रेन को लगभग 80 किलोमीटर (49 मील) रॉकेट लॉन्च करने की अनुमति देगा।

10. केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने 'भारतीय व्यापार पोर्टल' का किया शुभारंभ
• हाल ही में केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने नई दिल्ली में 'भारतीय व्यापार पोर्टल' का शुभारंभ किया। यह पोर्टल भारतीय निर्यातकों और विदेशी क्रेताओं के लिये अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के केंद्र के रूप में काम करेगा।
• यह पोर्टल व्यापार से व्यापार (B-2-B) मॉडल का डिजिटल व्यापार स्थल है जो लघु, मध्यम निर्यात उद्यमियों, दस्तकारों और किसानों को अपने उत्पादों के लिये नए बाज़ार का पता लगाने और वैश्विक स्तर पर बिक्री बढ़ाने में मददगार होगा।